**प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 38/2025)**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**नई दिल्ली, 13 मई 2025**

**तत्काल प्रकाशन हेतु** **Website www.trai.gov.in**

**विषय: भादूविप्रा ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान 22 स्थानों और आसपास के क्षेत्रों में आयोजित ऑपरेटर असिस्टेड ड्राइव टेस्ट (ओएडीटी) पर रिपोर्ट जारी की।**

**नई दिल्ली, 13 मई 2025**:- भादूविप्रा ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सहायता से दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में विजयपुरा, चंद्रपुर, भोपाल, बड़ीपाड़ा, वारंगल, यमुनानगर, जगाधरी, कुरुक्षेत्र, कैथल, हिसार, जोधपुर, जैसलमेर, जूनागढ़, दीव, सैतुअल, ख्वाजावल, चंपई, पश्चिम और दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स जिले, फरीदाबाद, नई दिल्ली, साहिबाबाद और गाजियाबाद जैसे शहरों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों और राजमार्गों पर ड्राइव टेस्ट आयोजित किए।

2. ओएडीटी में, वॉयस और डेटा के लिए विभिन्न तकनीकों (जैसे 2G/3G/4G) के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) में सेवाएं प्रदान करने वाली मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड, मेसर्स बीएसएनएल/एमटीएनएल,मेसर्स रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड और मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के प्रदर्शन को ड्राइव टेस्ट आयोजित करके मापा गया है। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़े परीक्षण के तहत ड्राइव टेस्ट आयोजित करने के दिन/समय पर क्षेत्र/मार्ग पर सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

3. क्षेत्र में कार्यरत सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए वॉयस तथा डेटा सेवा हेतु निम्नलिखित प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया:

    I. **वॉयस सेवाएं:** कवरेज, कॉल सेटअप सक्सेज रेट, ड्रॉप कॉल रेट, ब्लॉक कॉल रेट, हैंडओवर सक्सेज रेट और आरएक्स क्वालिटी आदि।

    II. **डेटा सेवा:** डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउज़िंग डिले, वीडियो स्ट्रीमिंग डिले और लेटेंसी आदि।

4. आयोजित ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया है:-

| **क्षेत्रीय कार्यालय/जोन** | **मार्ग/एरिया** | **ओएडीटी की तारीख** | **कुल तय दूरी(किमी)** |
|---|---|---|---|
| क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलूरु | विजयपुरा शहर और उसके आस-पास के इलाके | 14.10.2024 से 16.10.2024 तक | 450 किमी |
| | चंद्रपुर शहर और उसके आस-पास के इलाके | 11.12.2024 से 13.12.2024 तक | 450 किमी |
| क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल | भोपाल शहर और उसके आस-पास के इलाके | 21.11.2024 से 23.11.2024 तक | 415 किमी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद | बड़ीपाड़ा शहर और उसके आस-पास के इलाके | 26.11.2024 से 29.11.2024 तक | 430 किमी |
| | वारांगल शहर और उसके आस-पास के इलाके | 16.12.2024 से 19.12.2024 तक | 480 किमी |
| क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर | यमुनानगर और जगाधरी शहर | 11.11.2024 से 03.11.2024 तक | 200 किमी |
| | यमुना नगर कुरुक्षेत्र कैथल- हिसार राजमार्ग | 14.11.2024 | 220 किमी |
| | जोधपुर से जैसलमेर राजमार्ग | 03.12.2024 | 270 किमी |
| | जूनागढ शहर और उसके आस-पास के इलाके | 03.12.2024 से 04.12.2024 तक | 140 किमी |
| | जैसलमेर शहर और उसके आस-पास के इलाके | 04.12.2024 से 05.12.2024 तक | 75 किमी |
| | जूनागढ से दीव राजमार्ग | 05.12.2024 | 175 किमी |
| क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता | सैतुअल, ख्वाजावल और चंपई जिला मिजोरम तथा उसके आस पास के इलाके जिसमें राष्टीय राजमार्ग भी शामिल है | 28.11.2024 से 29.11.2024 तक | 201 किमी |
| | वैस्ट और साऊथ वैस्ट खासी हिल्स डिस्ट्रिक और उसके आस पास के इलाके जिसमें मेघालय का राष्ट्रीय राजमार्ग106 भी शामिल है | 27.12.2024 से 28.12.2024 तक | 473 किमी |
| क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली | मथुरा रोड से फरीदाबाद साहिबाबाद गाजियाबाद और इसके आस पास के इलाके जिनमें संचार भवन निर्माण भवन आरएमएल हॉस्पीटल और भादूविप्रा नई दिल्ली मुख्यालय भी शामिल है | 03.12.2024 से 06.12.2024 | 150 किमी |

5. विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (QoS-I) भादूविप्रा से ईमेल: adv-qos1@trai.gov.in या टेलीफोन नंबर +91-11-20907759 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 13/1/25

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा